


अंक : 563 वर्ष 42

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की पत्रिका

राँची, 31 दिसम्बर, 2020

# अप्रनि, सीसीएल की अध्यक्षता में 'सीसीएल सेफ्टी बोर्ड' की बैठक संपन्न



सीसीएल सेफ्टी बोर्ड मीटिंग में अप्रनि श्री पी. एम. प्रसाद

05 दिसम्बर को सीसीएल मुख्यालय, राँची में श्री पी.एम. प्रसाद, अप्रनि, सीसीएल की अध्यक्षता में 'सीसीएल सुरक्षा बोर्ड' की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सीसीएल के निदेशक (तकनीकी/संचालन) श्री वी.के. श्रीवास्तव, निदेशक (तकनीकी/योजना एवं परियोजना) श्री भोला सिंह, सेफ्टी बोर्ड के सम्मानित सदस्यगण – सर्वश्री लखन लाल महतो, आर.एन. सिंह, जे.पी. झा, आर. इगनेस, एम.के. रजक, विकास कुमार, अरूण कुमार सिंह सहित सीसीएल मुख्यालय के विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष एवं सुरक्षा विभाग के महाप्रबंधक श्री एस.वी. मराठे अपनी टीम के साथ सामाजिक दूरी का अनुपालन करते हुए उपस्थित रहे। साथ ही निदेशक (कार्मिक) श्री विनय रंजन एवं समस्त क्षेत्रीय महाप्रबंधकगण अपनी टीम के साथ इस बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भाग लिया। बैठक के प्रारंभ में दिवंगत श्रमिकों/कोरोना योद्धाओं के प्रति सम्मान प्रकट करते हुए एक मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।

उक्त अवसर पर अप्रनि, श्री पी.एम. प्रसाद ने उपस्थित सभी माननीय सदस्यों एवं अधिकारियों का हार्दिक स्वागत करते हुए कहा कि खान–सुरक्षा सीसीएल की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सीसीएल में कोयला–उत्पादन के साथ खान–सुरक्षा संबंधी प्रावधानों का अनुपालन किया जा रहा है एवं यह हम सभी के लिए गौरव की बात है कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में किसी भी प्रकार की कोई गंभीर दुर्घटना घटित नहीं हुई है।

निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री वी.के. श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में कंपनी श्रमिक बंधुओं को सुरक्षा संबंधी समस्त सुविधाएँ एवं सुरक्षा संबंधी नवीनतम मानदंडों की समसामयिक जानकारी उपलब्ध करने हेतु निरंतर प्रयासरत है।

निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) श्री भोला सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि कंपनी अपने लक्ष्य को तभी प्राप्त कर सकती है जब सुरक्षा संबंधित मापदंडों से बढ़कर प्रदर्शन किया जाए।

निदेशक (कार्मिक) श्री विनय रंजन ने उपस्थित सभी को संबोधित करते हुए कहा कि कंपनी में कार्यरत सभी कार्मिकों के लिए सुरक्षा एक महत्वपूर्ण पहलू है एवं हम सभी को अपने दैनिक जीवन में सुरक्षा को प्राथमिकता देनी चाहिए।

महाप्रबंधक (सुरक्षा), श्री एस.वी. मराठे ने सभी का स्वागत करते हुए पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से कृत कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत किया।

अवसर विशेष पर विभिन्न क्षेत्रों से सीसीएल सेफ्टी बोर्ड के माननीय सदस्यों ने खान सुरक्षा संबंधित अपने–अपने बहुमूल्य विचार एवं सुझाव दिए। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाप्रबंधक (सेफ्टी), श्री एस.वी. मराठे एवं उनकी टीम – श्री अवनीश कुमार, राजीव शरण, राजेश खन्ना, नीरज कुमार, पी.के. सोरेन, मनीष मोहन, वी.पी. सिंह, अशोक कुमार, बरकत अली, आर. पी. सिन्हा ने सक्रिय भूमिका निभाई।

# सीसीएल में बाबासाहेब अंबेडकर की 64वीं पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी

06 दिसम्बर को भारत रत्न बाबासाहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 64वीं पुण्यतिथि पर अप्रनि सीसीएल श्री पी.एम. प्रसाद, निदेशक तकनीकी (परि.–यो.) श्री भोला सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, विभिन्न श्रमिक संघ के प्रतिनिधियों ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

अप्रनि, श्री पी.एम. प्रसाद ने कहा कि संपूर्ण राष्ट्र संविधान निर्माता बाबासाहेब का सदैव कृतज्ञ रहेगा। उनके द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलकर ही हम देश का सर्वांगीण विकास एवं समाज में सम्यक समता सुनिश्चित कर सकते हैं।

इस अवसर पर महाप्रबंधक (संचालन) श्री आई.सी. मेहता, महाप्रबंधक (का.–औ.सं.) श्री उमेश सिंह, महाप्रबंधक (प्रशासन/कल्याण) डॉ.ए.के. सिंह, वरीय प्रबंधक (प्रशासन) श्री संजय कुमार, प्रबंधक (कार्मिक) श्री मनीष कुजूर, प्रबंधक (कार्मिक) श्रीमती निर्मला किरण व अन्य अधिकारियों के साथ–साथ श्री बृज किशोर राम, पी.एस. गोरिया, राजेश कुमार, ओमप्रकाश राम, जनेश्वर राम, आर पी सिंह, बिंदेश्वर राम एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।



बाबासाहेब अंबेडकर के प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते अप्रनि श्री पी. एम. प्रसाद

# सीसीएल में 'कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न' विषय पर 'वेबिनार' का आयोजन




विप्स द्वारा आयोजित वेबिनार में उपस्थित अधिकारीगण

सीसीएल के वुमन इन पब्लिक सेक्टर (विप्स) द्वारा 09 दिसम्बर को सीसीएल मुख्यालय, राँची में 'कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न' विषय पर 'वेबिनार' का आयोजन किया गया था। उक्त वेबिनार में 'विप्स' के पदाधिकारी एवं सदस्यों सहित अप्रनि के तकनीकी सचिव, श्री एम.वी. राजिमवाले, महाप्रबंधक (विधि) श्री पी. भट्टाचार्य, महाप्रबंधक (अधिकारी स्थापना) श्री ए.के. सिंह, महाप्रबंधक (सामाजिक सुरक्षा) श्री यू.पी. नारायण सहित महाप्रबंधक (ई एंड टी) श्री एम.सी.एस. राव, महाप्रबंधक (औद्यो.अभि.) श्री सुरेश कुमार, डॉ. मंजू मिश्रा, डॉ. अंजना झा, प्रीति तिग्गा एवं अन्य सामाजिक दूरी का पालन करते हुए उपस्थित थे। साथ ही राँची विश्वविद्यालय से सेवानिवृत्त प्रोफेसर डॉ. माया प्रसाद भी उपस्थित थीं।

सीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों से विप्स के नोडल अधिकारी भी 'वेबिनार' के माध्यम से जुड़े रहे। मुख्य वक्ता के रूप में इंडियन इंस्टीच्यूट ऑफ कॉरपोरेट अफेयर्स के डॉ. रमन वल्लभ को आमंत्रित किया गया था। डॉ. रमन वल्लभ ने कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न अधिनियम एवं विशाखा एक्ट पर पावरप्वाइंट के माध्यम से विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि यह कानून कार्यस्थल पर महिलाओं के लिए यौन उत्पीड़न का प्रतिषेध एवं निवारण करती है।

डॉ. रमन वल्लभ ने बल देते हुये कहा कि सभी कर्मियों को जागरूक करने की आवश्यकता है जिससे यौन उत्पीड़न संबंधी शिकायतें न हो और समाज में महिलाएँ निर्भीक होकर किसी भी दफ्तर में कार्य कर सकें।

कार्यक्रम के प्रारंभ में महाप्रबंधक (समाधान/भर्ती) एवं विप्स कोऑर्डिनेटर, सीसीएल सुश्री रश्मि दयाल ने सबका स्वागत किया। विप्स, सीसीएल की ओर से श्रीमती अर्चना सिन्हा, श्रीमती अनुराधा, श्रीमती रेखा पाण्डेय सहित अन्य पदाधिकारियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विप्स राँची चैप्टर के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# 15वीं झारखंड राज्य जूनियर एथलेटिक्स चैम्पीयनशिप 2020 में जेएसएसपीएस कैडेटों का दबदबा

खेलगाँव, राँची में आयोजित 15वीं झारखंड राज्य जूनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप–2020 में झारखण्ड स्टेट स्पोर्ट्स प्रमोशन सोसाईटी (झारखण्ड सरकार एवं सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) की संयुक्त पहल) के युवा कैडेटों का दबदबा रहा। अंडर –14, 16 एवं 18 आयु वर्ग में सम्पन्न विभिन्न खेलों में जेएसएसपीएस के कैडेटों ने 13 स्वर्ण, 7 रजत एवं 2 कांस्य पदक जीतकर शीर्ष स्थान पर रहे। प्रतियोगिता में एक बार फिर जेएसएसपीएस के बच्चों ने अपनी प्रतिभा और मेहनत का उदाहरण देते हुये खेल अकादमी का परचम फहराया। कोरोना काल में इन बच्चों के घर पर होने के बावजूद अपना प्रशिक्षण निरंतर जारी रखा। अकादमी के विश्वस्तरीय प्रशिक्षकों ने बच्चों को न केवल ऑनलाईन प्रशिक्षण प्रदान किया बल्कि अकादमी के प्रबंधन ने इनके खान–पान पर भी पूरा ध्यान देता रहा। आवश्यकता पड़ने पर कई अवसर पर सीसीएल के क्षेत्रीय प्रबंधन द्वारा बच्चों के घर तक राशन पहुँचाया गया।

सभी पदक विजेताओं को अपनी बात टीम की तरफ से बधाई!

# सीसीएल में सेवानिवृत्त कर्मियों को भावभीनी विदाई

वैश्विक महामारी कोरोना के कारण सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) में "सम्मान–समारोह" का कार्यक्रम स्थगित था। कोविड–19 के मद्देनजर सामाजिक दूरी का अनुपालन करते हुए जून, जुलाई, अगस्त एवं नवम्बर माह में सेवानिवृत्त हुए कर्मियों को सीसीएल मुख्यालय, राँची के "कन्वेंशन सेंटर" में 01 दिसम्बर को आयोजित 'सम्मान समारोह' में सम्मानित कर भाव–भीनी विदाई दी गयी। नवम्बर, 2020 में 141 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए हैं।

सीसीएल मुख्यालय, राँची से मई, 2020 में सेवानिवृत्त होने वाले कर्मी – सर्वश्री/श्रीमती अशोक कुमार झा, उत्खनन विभाग, जैसिन धान जी, वि.–यां. विभाग, सुब्रत सरकार, अप्रनि सचिवालय, प्रदीप कुमार बंदोपाध्याय, सामग्री प्रबंधन विभाग, नरेन्द्र त्रिपाठी, सतर्कता विभाग, मिना देवी गंझु, पे–रोल विभाग, अमानुल्लाह, कार्मिक एवं औ. सं. विभाग, शिव मंगल सिंह, वि.–यां. विभाग, बीपी मरांडी, सुरक्षा विभाग, नाथु राम, विप.–विक्रय विभाग, शंकर राम रवि, सीएमएस मुख्यालय विभाग, केन्द्रीय अस्पताल गांधीनगर से जेसी जोसेफ एवं रोमानी पुष्पा।

सीसीएल मुख्यालय, राँची से जून, 2020 में सेवानिवृत्त होने वाले कर्मी – श्री प्रकाश राम दीवान, ए/सी मुख्यालय/एक्सपी विभाग।

सीसीएल मुख्यालय, राँची से जुलाई, 2020 में सेवानिवृत्त होने वाले कर्मी– सर्वश्री/श्रीमती राम बिलास राम, प्रणाली विभाग, केन्द्रीय अस्पताल गांधीनगर से नैन्सी निलिंगा बर्मा, एवं अनिता वर्मा।

सीसीएल मुख्यालय, राँची से नवम्बर, 2020 में सेवानिवृत्त होने वाले कर्मी– सर्वश्री/श्रीमती अमरेश कुमार, विप.–विक्रय विभाग, मोहन कुमार, सामग्री प्रबंधन विभाग, शिव नाथ ठाकुर, सुरक्षा विभाग, राजेश कुमार, उत्खनन विभाग, प्रेम कुमार, रोकड़ विभाग, श्याम नन्दन प्रसाद, पेंशन विभाग, बिरेन्द्र कुमार मेहता, लेखा विभाग, ऐलास तिर्की, निदेशक तकनीकी (संचालन) वित्त विभाग, मधु सिंह, कर्मचारी स्थापना विभाग।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. ए.के. सिंह, महाप्रबंधक (कल्याण) ने किया। समारोह में विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक/विभागाध्यक्ष, अधिकारी एवं कर्मचारीगण एवं सेवानिवृत्त कर्मियों के परिजन भी उचित सामाजिक दूरी का अनुपालन करते हुए उपस्थित थे। सम्मान समारोह को सफल बनाने में कल्याण विभाग के कर्मियों का विशेष योगदान रहा।

31 दिसम्बर को सीसीएल मुख्यालय के विभिन्न विभागों से सेवानिवृत्त कर्मियाँ सर्वश्री विजय कुमार, महाप्रबंधक (कर्मचारी स्थापना), कर्मचारी स्थापना विभाग, शुभांकर गांधी, मुख्य प्रबंधक (वि.–यां.) एनआईएमसी विभाग, सुवेन्दु नारायण भट्ट, मुख्य प्रबंधक (वित्त), सामग्री प्रबंधन विभाग, मदन मोहन मिश्र, वरीय निजी सहायक 'ए–1', सामग्री प्रबंधन विभाग, बिनोद कुमार विश्वकर्मा, एकाउंटेंट 'ए–1', पे–रोल विभाग।

इस अवसर पर सीसीएल के अप्रनि श्री पीएम प्रसाद, निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) श्री भोला सिंह, निदेशक (वित्त) श्री एन.के. अग्रवाल सहित महाप्रबंधक (का.–औ. सं.) श्री उमेश सिंह, महाप्रबंधक (अधिकारी स्थापना) श्री ए.के. सिंह, महाप्रबंधक (सामाजिक सुरक्षा) श्री यू.पी. नारायण, महाप्रबंधक (सुरक्षा व बचाव) श्री एस.वी. मराठे व अन्य सामाजिक दूरी का अनुपालन करते हुए उपस्थित थे।

डॉ. ए.के. सिंह महाप्रबंधक (कल्याण) ने कंपनी की ओर से समारोह में उपस्थित सभी सेवानिवृत्त कर्मियों का स्वागत किया और सामाजिक दूरी का अनुपालन करते हुए उन्हें सेवानिवृत्ति–लाभ प्रदान किया।

कोरोना महामारी काल के दौरान सीसीएल में नवीन प्रयास करते हुये सेवानिवृत्त कर्मियों पर एक फिल्म का निर्माण किया गया। जिसमें सभी सेवानिवृत्त कर्मियों ने अपने विचार व्यक्त किया और सम्मान समारोह के अवसर पर यह फिल्म दिखाई गई। फिल्म के दौरान सीसीएल के अप्रनि श्री पी.एम. प्रसाद ने सीसीएल से सेवानिवृत्त सभी कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि आपके अनुकरणीय योगदान व समर्पण के कारण ही कंपनी इस ऊँचाई पर पहुँची है। उन्होंने कहा कि आप कंपनी का अभिन्न अंग रहे हैं और रहेंगे। श्री प्रसाद ने निवेदन किया कि कंपनी की विभिन्न गतिविधियों से सोशल मीडिया के माध्यम से जुड़े रहें।

सम्पादक : अनुपम कुमार राणा, विभागाध्यक्ष (जनसम्पर्क) जनसम्पर्क विभाग ● सहायक सम्पादक : मयंक कश्यप, सहायक प्रबंधक (सीडी), दिविक दिवेश, सहायक प्रबंधक (राजभाषा) सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची द्वारा प्रकाशित। (आंतरिक वितरण हेतु)